भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड

सैक्टर 19-बी, मध्य मार्ग, चण्डीगढ़

प्रैस विज्ञप्ति दिनांक 14.11.2018

विषयः बीबीएमबी द्वारा ऊर्जा संरक्षण पर 'ऑन द स्पॉट' राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित - 25.5 लाख स्कूली बच्चों ने भाग लिया

चण्डीगढ़ : भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय ने देश में ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय जागरूकता अभियान चलाया है। ऊर्जा संरक्षण की जरूरत के बारे में अवगत कराने और शिक्षित करने तथा इस कार्य में उनके माता-पिता को भी शामिल करने हेतु स्कूल के छोटे बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड ने 14 नवम्बर, 2018 को इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम, सैक्टर 5, पंचकूला में यू.टी. चण्डीगढ़, पंजाब तथा हरियाणा के स्कूली बच्चों के लिए 'ऑन द स्पॉट' राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। श्री बलबीर सिंह सिंहमार इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी थे। इस पेंटिंग प्रतियोगिता में लगभग 25.50 लाख बच्चों ने भाग लिया जिनमें से 300 बच्चे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित किए गए।

श्री डी. के. शर्मा, अध्यक्ष, बीबीएमबी इस समारोह के मुख्य अतिथि थे। श्री बलबीर सिंह सिंहमार, निदेशक, एचआरडी तथा नोडल अधिकारी ने अध्यक्ष, बीबीएमबी का समारोह में आगमन पर स्वागत किया। अध्यक्ष, बीबीएमबी ने दीपशिखा प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में राज्यों से अत्याधिक संख्या में आए बच्चों की तथा उनके ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता की प्रंशसा की। उन्होंने विजेता बच्चों तथा उनके माता पिता को बधाई दी और कहा कि जो बच्चे इस बार विजयी नहीं हुए उन्हें निराश न होकर अगली बार जीतने का प्रयास करना चाहिए।

ऊर्जा पर राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता पहले, स्कूल स्तर पर 4थी, 5वीं तथा 6ठी कक्षा (ग्रुप 'क') तथा 7वीं, 8वीं, 9वीं (ग्रुप 'ख') की श्रेणी के लिए संचालित की गई, उसके बाद भागीदार स्कूलों से प्राप्त सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग में से ज्यूरी द्वारा प्रत्येक राज्य/ यूटी से 50 बच्चे प्रत्येक ग्रुप के लिए चुने गए। 14.11.2018 को आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रत्येक राज्य/यूटी की प्रत्येक ग्रुप से 50 प्रतिभागियों (कुल 300 प्रतिभागियों) ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में पवित्रधाम, रोटरी स्कूल फार हेयरिंग इम्पेयरड, अम्बाला के 15 विद्यार्थियों भी भाग लिया।

समारोह के दौरान बीबीएमबी डीएवी पब्लिक स्कूल, नंगल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर स्किट भी प्रस्तुत की। अध्यक्ष, बीबीएमबी ने इस स्किट की प्रंशसा करते हुए श्रोताओं को बताया कि बीबीएमबी भी पर्यावरण संरक्षण की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष में बीबीएमबी अपनी परियोजना केन्द्रों पर 6 लाख पौधों का रोपण करेगा।

इस अवसर पर बीबीएमबी के वरिष्ठ अधिकारी एवं पंजाब, हरियाणा, यूटी, चण्डीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि द्वारा प्रत्येक राज्य/यू.टी. से प्रत्येक ऊर्जा संरक्षण के ग्रुप 'क' तथा ग्रुप 'ख' के पहले तीन विजेताओं को 20,000/- रुपए, 15,000/- रुपए तथा 10,000/- रुपए के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रत्येक राज्य/यू.टी. से प्रत्येक ग्रुप में चुने गए प्रतिभागियों को 5,000/- रुपए प्रत्येक के 10 सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफीशिएन्सी, विद्युत मंत्रालय तथा बीबीएमबी की ओर से सभी प्रतिभागियों को 2000/- रुपये आक्समिक व्यय के रूप में एवं मिमेन्टो प्रदान किए गए।

श्री आर. एस. जालटा, विशेष सचिव, बीबीएमबी ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

सचिव

सेवा में

समाचार सम्पादक